ई-मेल द्वारा प्राप्त

अति महत्वपूर्ण/मानव सम्पदा पोर्टल
संख्या-238(1)/सैतालीस-का-5-2024-(1788429)

प्रेषक,

कुलदीप कुमार रस्तोगी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ०प्र० शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, उ०प्र०।

कार्मिक अनुभाग-5 लखनऊ : **25-07-2024**

विषय:- मानव सम्पदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दर्ज किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-9/2023/418/सामान्य/सैंतालीस-का-4-2023, दिनांक 18 अगस्त, 2023 ,शासनादेश संख्या-7/2024/489/सैंतालीस-का-1-2024-13(1)/2024, दिनांक 06.06.2024 एवं संख्या-238(1)/सैतालीस-का-5-2024-(1788429) दिनांक 11.07.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें । शासनादेश दिनांक 11.07.2024 द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दर्ज किये जाने की अंतिम तिथि 31.07.2024 किये जाने के निर्णय से अवगत कराते हुए समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव से अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों / कार्मिकों को स्वस्तर से निर्देशित करने तथा प्रकरण में प्राथमिकता के आधार पर विभागीय समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये है।

2- मानव सम्पदा पोर्टल की समीक्षा में यह संज्ञान में आया है कि उक्त स्पष्ट निर्देशों तथा अनुश्रवण के उपरान्त भी दिनांक 25.07.2024 तक पोर्टल पर कुल पंजीकृत 17,37,756 कार्मिकों के सापेक्ष 05 प्रतिशत (विभागवार सूची संलग्न) से भी कम कार्मिकों द्वारा अपनी सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण में विशेष ध्यान देते हुए विभागान्तर्गत कार्मिकों का सम्पत्ति विवरण पोर्टल पर अविलम्ब प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। यदि विभाग के कार्मिकों द्वारा सम्पत्ति विवरण ऑनलाइन प्रस्तुत कर दिया गया है और पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है, तो एन०आई०सी० से संपर्क कर इस विसंगति का निराकरण करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
Signed by Kuldeep Kumar Rastogi
Date: 25-07-2024 18:55:54
(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
विशेष सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव-